शाखा प्रबंधक (प्रबंधक-II) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु परीक्षा

शाखा प्रबंधक (प्रबंधक-II) के रिक्त पदों पर आयोजित ऑनलाईन परीक्षा दिनांक 14 मार्च 2026 की वरीयता सूची के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार की सूचना

शाखा प्रबंधक (प्रबंधक-II) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक स्थापना/2025.26/47/173 दिनांक 13.11.2025 के अनुसार प्राप्त आवेदनों में से, अर्हता पूरी करने वाले अभ्यर्थियों हेतु आयोजित ऑनलाईन परीक्षा 14 मार्च 2026 के पश्चात, वरीयता सूची के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर के व्यवहारिक ज्ञान एवं कार्यदक्षता का आकलन व साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। जिसकी जानकारी निम्नानुसार है -

साक्षात्कार की तिथि

05 अप्रैल 2026 , रविवार
रिपोर्टिंग टाईम - सुबह 11:00 बजे

साक्षात्कार का स्थान

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर, प्रधान कार्यालय, 73 गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर म0प्र0

साक्षात्कार हेतु आवश्यक बिन्दु-:

- निम्नलिखित में से एक मूल फोटो पहचान पत्र साथ लाएं, जिसमें नाम लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र जैसा ही हो,(आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट) साथ ही उसकी स्पष्ट छायाप्रति साथ लायें।
- अभ्यर्थियों को रिपोर्टिंग टाइम तक साक्षात्कार केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय के उपरांत आए किसी भी अभ्यर्थी को साक्षात्कार में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
- अभ्यर्थियों को साक्षात्कार केन्द्र में किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मोबाइल, केलकुलेटर इत्यादि ले जाने का प्रतिबंध रहेगा।
- अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त मूल दस्तावेज एवं मूल अनुभव प्रमाण पत्र व प्रत्येक की एक स्पष्ट छायाप्रति परीक्षण हेतु लाना आवश्यक होगा। दस्तावेज मिलान में कमी पाये जाने पर साक्षात्कार से बाहर किया जा सकता है।
- अभ्यर्थी को यात्रा व्यय, मार्ग व्यय आदि स्वयं वहन करना होंगे।
- परीक्षा के संदर्भ में सभी निर्णय लेने तथा परिवर्तन करने का अधिकार नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर के पास सुरक्षित रहेगा। किसी भी विवाद के मामले में, क्षेत्राधिकार ग्वालियर न्यायालय का होगा।

संपर्क

किसी भी जानकारी के लिए श्री दीपक कुमार हीरानी, महाप्रबंधक से मोबाईल नंबर 9425110177 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक 30 मार्च 2026

नागरिक सहकारी बैंक मर्या. प्रधान कार्यालय ग्वालियर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर